कार्यालय – प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जशपुर, जिला–जशपुर(छ.ग.)

// महत्वपूर्ण सूचना //

कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जशपुर, जिला–जशपुर(छ.ग.) द्वारा **सहायक ग्रेड–03 (नियमित) एवं संविदा सहायक ग्रेड–03 के पदों पर भर्ती के संबंध में** प्रारंभिक(स्क्रीनिंग) परीक्षा 2024 के परीक्षा परिणाम उपरांत, उक्त पदों पर चयनित परीक्षार्थियों की **कौशल परीक्षा के आयोजन हेतु संभावित तिथि दिनांक 17 अगस्त 2024** को चयन समिति द्वारा सर्वसम्मति से, माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जशपुर के अनुमोदन पश्चात् निरस्त की गई थी, जिसकी सूचना दिनांक 15 अगस्त 2024 को कार्यालय के वेबसाईट पर अपलोड की जा चुकी है । इसके साथ ही **स्टेनोग्राफर हिन्दी(नियमित), सहायक ग्रेड–03(नियमित)** तथा **कोर्ट मैनेजर अमले के लिए संविदा स्टेनोग्राफर हिन्दी एवं संविदा सहायक ग्रेड–03** के पदों पर सीधी भर्ती के संबंध में कौशल परीक्षा के आयोजन हेतु नवीन संभावित तिथि दिनांक 25 अगस्त 2024 निर्धारित किये जाने की सूचना भी वेबसाईट पर अपलोड की जा चुकी है ।

स्टेनोग्राफर हिन्दी(नियमित), सहायक ग्रेड–03(नियमित) तथा **कोर्ट मैनेजर अमले के लिए संविदा स्टेनोग्राफर हिन्दी एवं संविदा सहायक ग्रेड–03** के पदों पर सीधी भर्ती के संबंध में, प्रारंभिक(स्क्रीनिंग) परीक्षा 2024 के परीक्षा परिणाम उपरांत, **कौशल परीक्षा हेतु चयनित/पात्र पाये गये अभ्यर्थियों की सूची दिनांक 16.08.2024** को कार्यालय के वेबसाईट पर अपलोड की जा चुकी है तथा **स्टेनोग्राफर हिन्दी(नियमित), सहायक ग्रेड–03(नियमित) एवं कोर्ट मैनेजर अमले के लिए संविदा स्टेनोग्राफर एवं संविदा सहायक ग्रेड–03** के पदों पर सीधी भर्ती के संबंध में, प्रारंभिक(स्क्रीनिंग) परीक्षा 2024 के परीक्षा परिणाम उपरांत उक्त पदों पर चयनित परीक्षार्थियों की **कौशल परीक्षा के आयोजन हेतु पूर्व निर्धारित संभावित तिथि दिनांक 25 अगस्त 2024, दिन रविवार** को चयन समिति द्वारा सर्वसम्मति से **परीक्षा तिथि के रूप में नियत किया गया है ।**

कौशल परीक्षा लिये जाने के संबंध में परीक्षा तिथि में कोई भी परिवर्तन होने की दशा में परीक्षार्थियों को कार्यालय के वेबसाईट के माध्यम से सूचना पृथक से दी जावेगी । अतः अभ्यर्थियों/परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे नियमित रूप से कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय जशपुर के शासकीय वेबसाईट का अवलोकन करें ।

कौशल परीक्षा के आयोजन हेतु परीक्षार्थियों संबंधी आवश्यक दिशा–निर्देश शीघ्र ही पृथक से कार्यालय के वेबसाईट पर अपलोड किया जाएगा ।

स्थान– जशपुर ।
दिनांक–16.08.2024

सही/–
अध्यक्ष, चयन समिति
कार्या. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
जशपुर(छ.ग.)